# भक्ति-बारिश से भीगे भक्तों के तन-मन



बांधगाड़ी

राजन बॉबी ।रांची

सर्द के ओसकणों में लिपटी नवपत्रिकाएं तैयार हैं. भगवान श्रीराम के नीलकमल लोचन भी अकाल बोधन के संधान में रत हैं. सात्विक जनों को अभय देने वाली मां महिषासुर मर्दिनी की भक्ति से पूरा संसार झूम उठा है.

पंडालों में, घरो में स्थापित मिट्टी कलश में सप्तधान्य, सप्तमृतिकाएं फूल गई हैं, जई की बालियां संक्षिप्त बालू कणों की ओट से झांकने लगी हैं, सृष्टि का अमर तत्व मां की घुंघरुओं की झंकार से गूंज उठा है. ऐसे में मां की भक्ति और शक्ति का ही असर है कि मंगलवार षष्ठी को मौसम के बिगड़े मिजाज भी भक्तों के कदम पूजा पंडालों तक जाने से रोक न सका. दोपहर बाद से ही मौसम में परिर्वतन होने लगा. गरज के साथ छींटे पडे. शाम पौने चार बजे के बाद से तो बरखा रानी कुछ ऐसी बरसी जैसे कि सब कुछ बहा ले जाएगी, लेकिन पौने छह बजे झमाझम बारिश पर लगाम लगी. वर्षा रुक गयी. पूजा आयोजन समिति ने कमर कसी और देखते ही देखते सब कुछ ठीक-ठाक कर दिया. अंधेरा छाते ही शहर रंग-बिरंगी लाइट और दूधिया प्रकाश से जगमगा उठा. आओ मां आओ ... आह्वान से अकालबोधन और नवपत्रिका प्रवेश की घोषणा हुई. आद्याशक्ति मां का दिव्य स्वरूप साकार हुआ. सभी पूजा पंडालों के पट खुल गए. मां का दर्शन पाते ही श्रद्धा और भक्ति से हजारों हाथ उठे और वातावरण जयकारों से गूंज उठा. फिर तो जैसे जैसे रात गहराती गयी, श्रद्धालुओं का उत्साह भी बढ़ता गया. विविध थीम को जीवंत करते पंडाल सभी को आकर्षित करता रहा.



## चटक हुआ दुर्गोत्सव का रंग, मां के मोहक रूप से निहाल हुईं अंखियां

## स्वच्छ पूजा पंडाल को प्रथम पुरस्कार के रूप मिलेगा 25 हजार रुपए

*रांची : रांची नगर निगम ने स्वच्छ दुर्गा पूजा पंडाल प्रतियोगिता शुरू की है. इसका प्रतियोगिता के माध्यम से पूजा पंडालों के द्वारा स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना है. इस प्रतियोगिता में अधिक अंक प्राप्त करने वाले पूजा पंडाल को प्रथम पुरूस्कार के रूप में 25 हजार रुपए दिए जाएंगे. द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले उत्कृष्ट पंडाल व पूजा समिति को 15 हजार और तृतीय पुरस्कार के रूप में 10 हजार रुपए सम्मान राशि प्रदान की जाएगी. पूरी प्रतियोगिता 200 अंकों की होगी.*

- द्वितीय पुरस्कार के रूप में मिलेंगे 15 हजार और तृतीय स्थान पाने वाले को मिलेगा 10 हजार
- रांची नगर निगम से स्वच्छ दुर्गा पूजा पंडाल प्रतियोगिता शुरू की

**ये होंगे मानदंड**

- पूजा पंडालों में कागज पत्ता जुट या किसी बायोडिग्रेडेबल सामग्री से बने सामग्री का उपयोग पर मिलेंगे 10 अंक
- पूजा पंडाल परिसर में पीने का पानी व अन्य पेय पदार्थ के लिए कागज के ग्लास का प्रयोग सुनिश्चित करने पर मिलेंगे 10 अंक
- पूजा पंडाल व परिसर में वोलेंटियर आइडी कार्ड के साथ रहने पर मिलेंगे 10 अंक
- पूजा पंडाल में साफ-सफाई के लिए अनुकरणीय व्यवस्था पर मिलेंगे 10 अंक
- पूजा पंडाल परिसर के आस-पास गंदगी ना फैलाने के लिए सूचना प्रदर्शित करने पर मिलेंगे 10 अंक
- नशा मुक्ति, प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने व स्वच्छता से संबंधित विज्ञापन पट्ट का प्रदर्शन पर मिलेंगे 10 अंक
- विज्ञापन के लिए बायोडिग्रेडेबल का उपयोग या होर्डिंग के लिए एलइडी स्क्रीन के उपयोग पर 10 अंक मिलेंगे
- पूजा पंडाल आकारअनुसार संख्या में हरा और नीला डस्टबीन की व्यवस्था पर 20 मिलेंगे
- रांची नगर निगम द्वारा दिए स्वच्छता जिंगल से लोगों को जागृत करने पर मिलेंगे 20 अंक मिलेंगे
- पूजा पंडाल से निकलने वाले नॉन बायोडिग्रेडेबल कचरे को निगम को सौंपने पर मिलेंगे 10 अंक
- निकाय द्वारा चिन्हित स्थल पर प्रतिमा विसर्जन पर मिलेंगे 10 अंक
- सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर पूर्म प्रतिबंध पर मिलेंगे 20 अंक
- जीरो वेस्ट आयोजन पर मिलेंगे 40 अंक

## कमिश्नर-डीआईजी ने दुर्गा पूजा पंडालों में सुरक्षा का लिया जायजा

संवाददाता ।रांची

रांची रेंज के कमिश्नर व डीआईजी अनूप बिरथरे और कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए ने मंगलवार को रांची में कई दुर्गा पूजा पंडालों का निरीक्षण किया. दोनों अधिकारियों ने पूजा पंडाल में विधि व्यवस्था, सुरक्षा इंतजाम, यातायात और पंडालों में सुरक्षा मानकों की वस्तुस्थिति का जायजा लिया. साथ ही पूजा समिति के सदस्यों को कई दिशा-निर्देश भी दिये. कमिश्नर और डीआईजी ने विसर्जन से पहले बिजली के तारों को हटाने और विसर्जन जुलूस तय रूट पर निकालने का निर्देश दिया है. साथ ही पंडालों में सीसीटीवी कैमरा लगाने, बिजली और फायर एनओसी लेने, महिलाओं के लिए अलग से व्यवस्था करने और पर्याप्त संख्या में वालंटियर तैनात रखने के निर्देश दिये गये हैं. इस दौरान कोतवाली कई अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे.

**मुख्य निर्देश**

- विसर्जन से पहले पंडालों में बिजली के तारों को हटा दें.
- विसर्जन जुलूस तय रूट पर निकाले जाएं.
- पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएँ।
- बिजली और अग्निशमन विभाग से आवश्यक अनुमतियां प्राप्त की जाएं.
- महिलाओं के लिए अलग से व्यवस्था बनाई जाए.
- पर्याप्त संख्या में स्वयंसेवकों को तैनात किया जाए.



दुर्गा पूजा पंडालों का निरीक्षण करते कमिश्नर व डीआईजी अनूप बिरथरे.

### नगर आयुक्त ने विभिन्न पूजा पंडालों का किया निरीक्षण

## निर्देश : महिला-पुरुष के अलग-अलग बनाएं प्रवेश द्वार

संवाददाता।रांची

दुर्गोत्सव के मद्देनजर रांची नगर निगम क्षेत्र के पूजा पंडाल प्रांगण, उसके आस-पास के क्षेत्रो व संपर्क पथों पर निगम द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है. मंगलवार को नगर आयुक्त संदीप सिंह ने निगम के पदाधिकारियों के साथ प्रमुख दुर्गा पूजा पंडालों का भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया. उन्होंने बिहार क्लब, दुर्गाबाड़ी और चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति का निरीक्षण किया. मौके पर अपर प्रशासक संजय कुमार, नगर प्रबंधक, जोनल सुपरवाइजर एवं वार्ड सुपरवाइजर शामिल थे. मौके पर नगर आयुक्त ने स्वच्छता शाखा की टीम को पंडालों के संपर्क पथों पर बेहतर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा नालियों की सफाई के साथ खुली नालियों को ढकने का निर्देश दिया.

भीड़ का आकलन करते हुए महिला/पुरुष के अलग-अलग प्रवेश और निकासी की व्यवस्था, पार्किंग की उचित व्यवस्था तथा आम लोगों को यहां-वहां कचरा ना फेकने के लिए जागरूक करने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. उन्होंने निगम क्षेत्र के सभी 160 पूजा पंडालों में निगम स्तर से बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिये जोन वार टीम बनाई गई है, जिनके द्वारा स्वच्छता, पेयजल, चलंत शौचलय, स्टोन डस्ट की उपलब्धता आदि कार्य सुनिश्चित की जा रही है. सभी पूजा समितियों को निर्देश दिया कि दुर्गा पूजा महोत्सव के दौरान पंडाल एवं आस-पास सफाई बरते, निगम स्तर से किसी भी तरह की आवश्यकता महसूस होने पर निगम के कनेक्ट सेंटर (1800 570 1235 या व्हाट्सएप 8141231235) पर संपर्क करें.

**दिए आवश्यक निदेश**

- खुली नालियों को तुरंत ढकें
- सभी 160 पूजा पंडालों के पास सारी व्यवस्था करें
- जल जमावों की परेशानी होगी तो निगम की टीम रहेगी मुस्तैद
- विद्युत शाखा शहर के तमाम खरा स्ट्रीट लाइटों का करें दुरुस्त





मारवाड़ी स्कूल का प्रतिमा व पूजा पंडाल

# विविध थीम को जीवंत कर रहा एक से बढ़कर एक पंडाल

**ज्योति संगम दुर्गा पूजा समिति, मारवाडी हाई स्कूल, पुस्तक पथ** : समुद्री जीवन को दर्शाता पंडाल. जलपरी तोरण द्वार से गुज कर ध्यान मुद्रा में विराजमान मां का दर्शन कर रहे श्रद्धालु.

**शक्तिस्रोत संघ दुर्गा पूजा समिति, गाड़ीखाना** : सोने की लंका में देवी-देवताओं संग आभा बिखेर रही हैं मां दुर्गा.

**इंद्रपुरी नवयुवक संघ दुर्गा पूजा समिति** : ग्रामीण परिवेश के थीम पर बना है पंडाल. लुभ रहा गांव जल और जंगल का मनोहारी दृश्य.

सेल सैटेलाइट टाउनशिप दुर्गा पूजा समिति : पौराणिक मंदिर में विराजी हैं मां भवानी. लजीज व्यंजनों के लगाए गए हैं स्टॉल. सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मची है धूम.




गीतांजलि क्लब, मोरहाबादी

**यूथ क्लब दुर्गा पूजा समिति महावीर चौक** : हुगला पत्ता से बना है पंडाल. आकृतियो और डांडिया नृत्य के बीच मां का 15 फीट उंचा स्वरूप साकार हो रहा. होगा. श्रीकृष्ण लीला को जीवंत करती आकृतियां मोह रही मन.

**प्रगति प्रतीक क्लब दुर्गा पूजा समिति किशोरगंज** : काल्पनिक मंदिर के प्रारूप पर आधारित पंडाल की मनोहारी छटा देखते ही बन रही. भव्य दरबार में देवी-देवताओं संग विराजी हैं मां दुर्गा.

**संग्राम क्लब दुर्गा पूजा समिति कचहरी रोड** : गमछे की कारीगरी से तैयार काल्पनिक मंदिर में विराजी हैं मां भवानी.

**हटिया स्टेशन दुर्गा पूजा समिति** : जंगल में साकार हो रहा मां अंबे का मनोहारी स्वरूप. गुफा और भूतमहल का है अलग आकर्षण.



शिवसेना क्लब दुर्गा पूजा समिति लक्ष्मी नगर : स्वप्न लोक की सैर कर मां का दर्शन कर रहे दर्शनार्थी.

**नवयुवक संघ दुर्गा पूजा समिति चुटिया** : लुभा रहा जंगल थीम पर बना पंडाल. अलग अंदाज में बना है प्रतिमा.

**महावीर मंदिर दुर्गा पूजा समिति पंडारा** : अयोध्या के श्रीराम मंदिर में विराजी हैं मां भवानी.


सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति 56 सेट डोरंडा : दक्षिणेश्वर काली मंदिर में हो रहा मां का दर्शन.

## सत्य अमर लोक दुर्गा पूजा समिति लुभा रहा फल-फूल और पेड़ के छाल से सजा पंडाल

**रांची** सत्य अमर लोक दुर्गा पूजा समिति, हरमू रोड के पूजा पंडाल का अलग ही आकर्षण है. दर्शनार्थियों यहां फल-फूल और पेड़ के छाल से बने काल्पनिक मंदिर में मां का दर्शन कर रहे हैं. मंगलवार षष्ठी की देर शाम रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह, राज्यसभा उपाध्यक्ष हरिवंश सिंह, गोशाला न्यास के ट्रस्टी और अध्यक्ष पुनित पोद्दार, बालमुकुंद सहाय, भाजपा नेता सतेंद्र नारायण सिंह और विभिन्न धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियो ने पूजा पंडाल का अनावरण किया. अध्यक्ष हेमेंद्र सिंह, सचिव कमल गुप्ता, कोषाध्यक्ष रवि नारसरिया, सुरेश जी सहित समिति के तमाम पदाधिकारी और सदस्य मौजूद थे. पट खुलते ही मां अंबे के दर्शन को बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े. पूजा स्थल पर लगाए गए स्टालों पर राजस्थानी और साउथ इंडियन आदि व्यंजनों की सोंधी खुशबू बरबस ही आकर्षित करती रही. पूजा स्थल पर दूर तक की गयी आकर्षक विद्युत सज्जा से इलाका जगमगा रहा है.



फोटो : रमीज



मोरहाबादी

**डांडिया नाइट** अरगोड़ा पुंदाग रोड स्थित पर्ल क्रेस्ट सोसायटी में डांडिया नाइट का आयोजन किया गया

# पर्ल क्रेस्ट में डांडिया नाइट : नए-पुराने गानों पर झूमते रहे लोग

- भगवती को समर्पित गानों पर जब महिलाओं ने प्रस्तुति दी तो तालियों की गड़गड़ाहट गूंज उठी

संवाददाता।रांची

अरगोड़ा पुंदाग रोड स्थित पर्ल क्रेस्ट सोसायटी में सोमवार को डांडिया नाइट का आयोजन किया गया. इस मौके पर सोसायटी की महिलाओं और बच्चियों ने देर रात तक जम कर डांडिया खनकाए. नए-पुराने गानों पर प्रस्तुति दी, वहीं भगवती को समर्पित गानों पर जब महिलाओं ने प्रस्तुति दी तो तालियों की गड़गड़ाहट गूंज उठी. इस मौके पर सोसायटी के प्रेसिडेंट रवींद्र प्रसाद सिंह ने सबको नवरात्र की बधाई दी. डांडिया के साथ मंगलवार को सोसायटी में बच्चों के लिए श्लोक प्रतियोगिता, डांस, फैंसी ड्रेस आदि का भी आयोजन किया गया. साथ ही महिलाओं के लिए कुछ रोचक गेम्स भी थे जिसमें भाग लेना बहुत मनोरंजक रहा. इसके लिए कई तरह के आकर्षक इनाम भी रखे गए थे. सोसायटी के सेक्रेटरी सुनील कुमार ने कहा कि नवमी को हवन और कन्या पूजन का आयोजन सोसायटी मंदिर परिसर में किया जाएगा. वहीं विजया दशमी के मौके पर हर बार की तरह इस बार भी महिलाएं सिंदूरखेला का आनंद उठाएंगी.



कोषाध्यक्ष मनीष ने कहा कि होली, दीवाली, नवरात्रि, नववर्ष आदि मौकों पर सामूहिक तौर पर हम ऐसे कार्यक्रम आयोजित करते हैं जो सोसायटी के आपसी सौहार्द का आधार है. नवरात्रि के इस धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम को सफल बनाने में स्मिता नारायण, इंदू प्रसाद, वैजन्ति सिंह, नीलम मिश्रा, पूनम निश्चल, चंचला, पुनिता, संगीता, ज्योति, मोनालिसा, रीता रानी दास, रश्मि शर्मा, ज्योत्सना, अराधना, डॉ रूही, प्रीति, अनु, ऋचा वर्मा आदि का योगदान रहा.

## अलकापुरी स्थित शिव मंदिर में महाआरती कल

**रांची।** अलकापुरी स्थित श्री शिव मंदिर प्रांगण में विगत 20 वर्षों से आयोजित हो रही मां भवानी का शारदीय नवरात्र पूजन इस वर्ष भी धूमधाम से मनाया जा रहा है. इस पूजन उत्सव को भव्यता प्रदान करते हुए कल महाआरती और रात आठ बजे से डांडिया का आयोजन व महानवमी और दशमी को भोग के साथ महाभंडारा का प्रसाद वितरण किया जाएगा. विसर्जन 12 अक्टूबर को दिन में तीन से गाजे बाजे के साथ बड़ा तालाब में होगा. शोभायात्रा निकाली जाएगी. सारा कार्यक्रम श्री शिव मंदिर कमेटी के अध्यक्ष के नेतृत्व में होगा.

## ब्रीफ खबरें

### इटकी में बेलवरण पूजा संपन्न,आज खुलेगा पट

**इटकी।** बेलवरण पूजा के साथ ही इटकी में मंगलवार को दुर्गा पूजा की चहल-पहल शुरू हो गयी.क्षेत्र में स्थापित सभी प्रतिमाओं का पट कल 9 अक्टूबर को खोल दिया जायेगा. इससे पूर्व मां दुर्गा के स्वरूप नवपत्रिका को डोली पर बैठाकर तालाब से पूजा स्थलों पर लाया जायेगा. जमींदार के वंशज लाल आशीषनाथ शाहदेव और लाल अश्विनीनाथ शाहदेव द्वारा पारंपरिक रीति रिवाज के साथ बेलवरण पूजा की गयी. पंडित शत्रुघ्न पांडे ने बताया की आज बेलवरण पूजा में बेल वृक्ष के नीचे मां भगवती की पारंपरिक रूप से पूजा अर्चना की गई और मां भगवती को पूजा अनुष्ठान पर आने का निमंत्रण भेजा गया.

### इटकी में वज्रपात से एक मवेशी की मौत

**इटकी।** थाना अंतर्गत सेमरा पतरा टोली में मंगलवार की संध्या करीब चार बजे वर्षा के साथ व्रजपात होने से प्रभा तिर्की नामक किसान की दुधारू भर्ती गाय की घटना स्थल पर मौत हो गयी. जिससे किसान को हजारों रुपये का नुकसान हुआ. बताया जाता है कि किसान घर से करीब 100 फिट की दूरी पर गाय को खूंटे पर बांधकर चरने के लिए छोड़ दिया था. इसी बीच व्रजपात के चपेट में आ गया और मौके पर गाय की मौत हो गयी.

### बुढ़मू में कल्वर्ट बहा, आवागमन बाधित

**बुढ़मू।** बुढ़मू-पिरागु टूगुटू मुख्य मार्गपर कुड़ालू गांव के पास बना कल्वर्ट सोमवार की रात तेज बारिश सेबह गया. बताया जाता है कि यह कल्वर्ट जर्जर हो गया था. कल्वर्ट बहने से पिरागुटूगुटू की 1500 आबादी को प्रखंड मुख्यालय आने में लगभग तीन किमी की अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ेगी.

### सिमलिया व साल्हन में बने जलमीनार का उद्घघाटन

**अनगड़ा।** 15वें वित निधि अंतर्गत जिला परिषद से निर्मित जल मीनार का उद्घघाटन पश्चिमी जिप सदस्य अनुराधा मुंडा ने किया उन्होंने कहा जल है तो कल है प्राथमिकता आधार पर पहले पानी. उद्घघाटन कार्यकर्म मे भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज चौधरी, मिडिया प्रभारी रामसाय मुंडा, तुलेश्वर पाहन, जलेश महतो, संजय महतो, सुरेश महतो, राजेंद्र महतो, कृष्णा मुंडा, सुबोधनी देवी, सोहगी देवी सहित अन्य मौजूद थे.

### नामकुम में बाइक के धक्के से बुजुर्ग घायल

**नामकुम।** खरसीदाग ओपी क्षेत्र के रानी बगान के पास मंगलवार की दोपहर बाइक के धक्के से एक वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया. घायल वृद्ध बुधवा तिग्गा लोधमा निवासी अपनी साइकिल से खरसीदाग की ओर जा रहा था. हादसे में बुधवा के दोनों पैर कुचल गए. वहीं भाजपा नेता राजेन्द्र मुंडा ने बुधवा का अस्पताल भिजवाया और उसके परिजनों को मामले की जानकारी दी. हादसे के बाद बाइक सवार बाइक छोड़कर फरार हो गया. इसके बाद ग्रामीणों ने बाइक पुलिस को सौंप दी.

### डिग्री कॉलेज की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा

**बुढ़मू।** प्रखंड मेंडिग्री कॉलेज निर्माण को लेकर डिग्री कॉलेज निर्माण संघर्ष समिति के संरक्षक कमलेश राम के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार से राजभवन में मुलाकात की. प्रतिनिधि मंडल ने राज्यपाल को प्रखंड के छात्रों की उच्च शिक्षा की समस्याओं को देखते हुए डिग्री कॉलेज निर्माण के संबंध में ज्ञापन सौंपा. राज्यपाल ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और इस मुद्दे पर सकारात्मक कदम उठाने का आश्वासन दिया.

### इटकी के शमीमाबाद मुहल्ला में जल्द बनेगा पीसीसी पथ

**इटकी।** प्रखंड के शमीमाबाद मुहल्ला स्थित ट्रांसफॉर्मर सेइस्लाम ड्राइवर के मकान तक एनआरईपी द्वारा पीसीसी पथ का निर्माण किया जाएगा. विभाग ने सड़क निर्माण का जिम्मा ठेकेदार जमील आलम को सौंपा. सड़क का निर्माण 15 लाख 85 हजार 398 रुपये से किया जाएगा. विभाग ने ठेकेदार को तीन माह के अंदर सड़क निर्माण पूरा करने का निर्देश जारी किया है.

---

सीएन राज हाई स्कूल मैदान में मंईयां सम्मान यात्रा

# विधानसभा चुनाव में झारखंड में जीरो में आउट होगी भाजपा : कल्पना सोरेन

**खास बातें**

- विरोधियों पर जमकर बरसी कल्पना सोरेन
- शिबू सोरेन को बताया जनता की आवाज

संवाददाता। रातू

दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल में मंईंयां सम्मान यात्रा का मंगलवार को आखिरी पड़ाव था. झामुमो की तेज तर्रार नेत्री और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने सीएन राज हाई स्कूल मैदान में योजना की लाभार्थियों को संबोधित किया. उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार के अगुआ हेमंत सोरेन ने राज्य की आधी आबादी के लिये मंईयां सम्मान योजना लाकर क्रांतिकारी कदम उठाया है. कल्पना सोरेन विरोधियों पर हमलावर रही. उन्होंने जोर देकर कहा कि विपक्ष नहीं चाहती कि राज्य के लोगों का भला हो. कल्पना सोरेन ने हेमंत को जनता की मजबूत लाठी बताया और कहा कि वह शिक्षा और महिलाओं की सशक्तिकरण के लिये काम कर रहे हैं. दिशुम गुरु शिबू सोरेन का जिक्र करते हुये उन्होंने कहा कि वह झारखंडियों की आवाज हैं. कल्पना ने भाजपा पर जाति और धर्म की राजनीति करने का आरोप लगाया. उन्होंने सरकार की उपलब्धियां गिनायी और केंद्र से राज्य की हिस्सेदारी की मांग दोहरायी. कार्यक्रम में विभागीय मंत्री बेबी देवी ने भी अपनी बातें रखी और महिलाओं को नवरात्र की शुभकामनाएं दी. . मौके पर मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, सांसद जोबा मांझी, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, पूर्व मंत्री और प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, विधायक शिल्पी नेहा तिर्की व सविता महतो आदि मौजूद थे.



राजकुमारी व अजय नाथ शाहदेव ने स्वागत किया

### रातू गढ़ किला में कल्पना सोरेन का हुआ भव्य स्वागत

**रातू।** रातू में आयोजित मंइयां सम्मान यात्रा कार्यक्रम के समापन के बाद श्रीमती कल्पना सोरेन रातू गढ़ किला पहुंची .जहां राजकुमारी बड़मनी माधुरी मंजरी देवी और कांग्रेस नेता अजय नाथ शाहदेव ने उनकी अगवानी करते हुए भव्य स्वागत किया . किला परिसर में श्रीमती सोरेन ने सबसे पहले मां दुर्गा का दर्शन-पूजन किया . अजय नाथ शाहदेव ने उन्हें किला का भ्रमण कराया और यहां के इतिहास के बारे में उन्हें बताया . श्रीमती सोरेन काफी देर तक किला परिसर में रहीं और सभी से वार्तालाप किया . इस दौरान कांग्रेस नेता बंधु तिर्की, राज्य सभा सांसद महुआ मांजी, सांसद जोबा मांझी, विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, पृथ्वी नाथ शाहदेव, अमर उरांव, कुशल उरांव, रमेश शाहदेव, अतुल ठाकुर सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे .

### मांडर में भाजपा पर जमकर बरसी कल्पना



**मांडर।** प्रखण्ड के बुढ़ा खुखरा मैदान में मंगलवार को मंईयां सम्मान यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग बेबी देवी उपस्थित हुई। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में कृषि, पशुपालन सहकारिता अवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, सांसद जोबा मांझी, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन, इचागढ़ विधायक सबिता महतो, सिसई विधायक जिग्गा सुसाशन होरो, मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, पूर्व मंत्री बंधु तिर्की उपस्थित हुए। कल्पना मुर्मू सोरेन ने अपने वक्तव्य में कहा कि हमारे समाज में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। मंईयां सम्मान योजना से सभी को सशक्त कराने का काम किया गया। विभिन्न योजनाओं के बारे में बात करते हुए कहा कि आपने अपनी सरकार चुनी इसी का नतीजा है कि सरकार आपकी जरूरतों को पूरा कर रही है। उन्होंने शिक्षा के बारे में भी बात करते हुए कहा कि रघुवर सरकार ने स्कूल को बंद किया जबकि हमारी सरकार मॉडल स्कूल खोला। हमारा पैसा केंद्र दबा कर बैठा है। शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि पिछली सरकार ने महिलाओं और लोगों को उनका अधिकार और सम्मान नहीं दिया। उन्हें अंगवस्त्र, टोपी और गुलदस्ता भेंट किया गया। मौके पर मांडर प्रमुख फिलिप सहाय एक्का, जमील मलिक, भोलू, अमानत अंसारी, अयूब खान, इरशाद खान, मकेश्वर् महली, बेलस तिर्की, इश्तियाक, मिथलेश सिंह, मंगा उरांव, शमीम अख्तर, आबिद अंसारी, उप प्रमुख अमानत अंसारी, होसे उरांव समेत सैंकड़ों महिला मौजूद थे.

---

# बुंडू बड़ा तालाब सौंदर्यीकरण कार्य के अनियमितता की जांच की मांग

संवाददाता। बुंडू

आजसू पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष राजकिशोर कुशवाहा ने बुंडू बड़ा तालाब के सौन्दर्यीकरण कार्य हुए भारी अनियमितता पर उच्च स्तरीय जाँच कर दोषीयों पर कानूनी कारवाई की मांग की है.इस संदर्भ में उन्होंने एक एक ज्ञापन मुख्य सचिव झारखण्ड सरकार, सचिव नगर विकास विभाग, सचिव शहरी विकास एवं आवास विभाग, निदेशक नगर प्रशासन निदेशालय, उपायुक्त रांची को भेजा हैं.आगे बताया है कि नगर पंचायत कार्यालय से करीब साढ़े 5 करोड़ की निविदा निकाली गयी है.अतुल प्रताप कार्य के ठेकेदार हैं. बड़ा तालाब का जायजा लेने पर पता चलता है कि उक्त कार्य में भारी अनियमितता बरती जा रही है. जैसे तैसे कार्य कर संवेदक निजी कमाई करने में जुटा है. आधी से अधिक राशी निकासी की सूचना है. बकाया राशी की निकासी के लिए प्रयासरत है.



सौंदर्यीकरण के नाम पर केवल ऊपरी स्तर पर कार्य किया गया है. कार्य के शुरूवात में ही आजसू पार्टी द्वारा अनियमितता की जांच की लिखित मांग बुण्डू नगर पंचायत कार्यालय में की थी. लेकिन आवेदन पर कोई कार्यवाही नहीं की गयी. प्रतीत होता है कि योजना में अभियंता से लेकर नगर पंचायत कार्यालय बुंडू के पदाधिकारी की मिलीभगत है. तालाब सौंदर्यीकरण के नाम पर मोटी रकम की बंदरबांट की आंशका है. आवेदन देने के बाद जांच तक नहीं होना योजना में भ्रष्टाचार को दर्शाती है.

# केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री से मिले नामकुम के लोग

संवाददाता। नामकुम

प्रखंड के खोजा टोली के आम नागरिक भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर के नेतृत्व में रांची के सांसद सह केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ से मुलाकात किया.खोजा टोली के लोगों ने मंत्री को बताया कि उनके क्षेत्र में बिजली के पोल जर्जर हो गए हैं और उन्हें बदलने अति आवश्यक है. अन्यथा कभी भी अप्रिय घटना हो सकती है,इसी क्रम में पोल बदलने के लिए नए पोल गाड़ा गया. लेकिन सेना के द्वारा आकर मना किया. कहा कि नए पोल को अभिलंब हटा दे .साथ ही साथ खोजा टोली से स्वर्णरेखा नदी तक बनने वाले सड़क पर भी हमेशा सेना के द्वारा रोक लगाया जाता रहा है. जिसके कारण खोजा टोली में सड़क अत्यंत जर्जर हो गई है,जर्जर सड़क में अक्सर दुर्घटना होते रहती है जिसमें सेना के जवान भी होते हैं,बहुत मुश्किल से स्थानीय जनता ने लगकर इस सड़क को पास कराया है. यदि सेना ऐसे ही काम रोकती रही तो विकास का काम नहीं हों पाएगा. इन दोनों मुद्दों पर स्थानीय लोगों ने मंत्री महोदय से आग्रह किया कि मामले पर हस्तक्षेप कर आम जनता के हित को देखते हुए कार्य करने की अनुमति दी जाए .केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने स्वयं आश्वासन दिया. केंद्रीय कार्यालय नई दिल्ली में बात कर मामले का तुरंत समाधान करने का आश्वासन दिया प्रतिनिधिमंडल में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर, ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनय कुमार महतो, उपाध्यक्ष प्रीतम साहू संजय शर्मा ,संतोष झा, राजीव रंजन, शंभू शरण, अंजली लकड़ा व अन्य शामिल रहें .



# खेल में भी करियर बना सकते है: सन्नी

संवाददाता। चान्हो

प्रखंड के बढ़ईया में जय सरना क्लब द्वारा आयोजित पांच दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मैच मंगलवार को खेला गया. समापन समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो और जिप सदस्य अशुतोष तिवारी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फुटबॉल को कीक मारकर किया उद्घघाटन किया. फाइनल मुकाबला बालक वर्ग में ए एफ सी क्लब मखमन्दरो व जय सरना क्लब टांगर के बीच खेला गया. जिसमें निर्धारित समय में दोनों टीमें शून्य पर रही जिसका निर्णय पेनल्टी शूट आउट में किया गया. जिसमें क्लब ने 3-5 से किताब अपने नाम किया. मुख्य अतिथि सन्नी टोप्पो ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेल के माध्यम से भी जीवन में सफलता पाई जा सकती है ग्रामीण क्षेत्रो में इस तरह के टूर्नामेंट आयोजन से खिलाड़ियों का मनोबल ऊंचा होने के साथ प्रतिभा भी सामने आती है.

मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष अनिल कच्छप, बिजुपाड़ा मंडल के अध्यक्ष अरविन्द सिंह महामंत्री हेमन्त शाही रोल पंचायत के मुखिया चम्पा उरांव, करकट पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि जितेंद्र उरांव, टांगर पंचायत के पंचायत समिति के सदस्य जेना उरांव, पुनई उरांव, जगदीश उरांव, माइकल कच्छप, विकास कच्छप, दीपक कच्छप, कुलदीप कच्छप, रविन्द्र, धरम, सूरज, संजय, किशुन, शानू, सुनील, शंकर, रंजीत, विकास, प्रकाश, करमु,मनोज, नीरज सहित समस्त ग्राम वासी.



# चान्हो में आदिवासी संगठनों ने अंचल कार्यालय का किया घेराव

संवाददाता। चान्हो

**खास बातें**

- पूर्व विधायक देव कुमार धान के नेतृत्व में किया घेराव
- घेराव बाद अंचल कार्यालय में 24 सूत्री मांग पत्र सौंपा

पूर्व विधायक देव कुमार धान के नेतृत्व में मंगलवार को आदिवासियों की जमीन बचाने और फर्जी तरीके से खरीद-बिक्री बंद करने सहित अपनी अन्य मांगों को लेकर विभिन्न आदिवासी संगठनों ने चान्हो अंचल कार्यालय का घेराव किया. चान्हो चौक से जुलूस की शक्ल में अंचल कार्यालय तक पहुंचे लोगों ने घेराव और धरना-प्रदर्शन के बाद अंचल कार्यालय में अपनी 24 सूत्री मांग पत्र सौंपा. इस दौरान पूर्व मंत्री देव कुमार धान ने कहा कि अंचल क्षेत्र के रानीचाचो और मसमानो मौजा के गुड़गुड़िया मैदान जो आदिवासियों की जमीन है, उसका फर्जी कागजात तैयार किया जा रहा है जिसे हम कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे. आदिवासी जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए अपना प्राण भी दे सकते हैं. इससे पूर्व गुड़गुड़िया मैदान स्थित जितिया जतरा स्थल पर आदिवासी जमीन का हवाला देकर झंडा गाड़ा गया. यहीं से संगठन के लोग देव कुमार धान के नेतृत्व में गुड़गुड़िया मैदान से निकलकर जुलूस की शक्ल में बैनर, पोस्टर लेकर नारेबाजी करते हुए अंचल कार्यालय पहुंचे जहां सभा की गई. मौके पर रजनीश उरांव, माघी उरांव आदि मौजूद थे.

---

**आंदोलन** लापुंग , बेड़ो और इटकी की सेविकाओं एवं सहायिकाओं ने लापुंग प्रखंड मुख्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया

# सेविकाओं व सहायिकाओं का बढ़ा हुआ मानदेय देना होगा : उमेरा

संवाददाता। लापुंग

लापुंग सहित बेड़ो और इटकी प्रखंड की आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं ने लापुंग प्रखंड मुख्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन का आयोजन किया. हड़ताल के चौथे दिन आंदोलन को और तेज करने तथा धारदार बनाने की चेतावनी दी. बेड़ो प्रखंड आंगनबाड़ी सेविका सहायिका संघ की अध्यक्ष उमेरा खातुन ने हुंकार भरते हुए कहा कि आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं का बढ़ा हुआ मानदेय एवं पेंशन देना होगा . वहीं जुलियानी होरो ने कहा कि हमारी सभी आठ सूत्री मांगों पर सरकार गंभीरता से विचार करें अन्यथा परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहे. उमेरा खातुन ने आगे कहा मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को सफल बनाने में आंगनबाड़ी सेविकाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है. इस दौरान इटकी, बेड़ो, और लापुंग की आंगनबाड़ी सेविकाओं ने एक स्वर में अपनी मांगों को लेकर अनिश्चित कालीन हड़ताल जारी रखने की चेतावनी दी.मौके पर लापुंग प्रखंड सेविका कमला देवी, सीमा देवी, रीता देवी, प्रमिला कुमारी, आमिया बरला, सुमा कच्छप, कौशल्या देवी, पुष्पा होरो, बेड़ो प्रखंड की अध्यक्ष उमेरा खातून, सचिव बसंती देवी, इटकी प्रखंड अध्यक्ष पुष्पा देवी सचिव कमला देवी के अलावे अन्य महिला वक्ताओ ने संबोधित किया. इस मौके पर लापुंग में सैकड़ो सेविकाओं एवं सहायिकाओं ने अपनी मांगों की आवाज बुलंद किया. कार्यक्रम के दौरान बेदू की कोषाध्यक्ष रोज क्रेसेंशिया केरकेट्टा, राजो बेक, रजनीगंधा, कौसर परवीन, गुलशन आरा, इटकी की कमला देवी, मेबल बेक, फूलमणी उरांव सहित सैकड़ो आंगनबाड़ी सेविकाओं ने नारा लगाया और आंदोलन को तेज करने का संकल्प लिया.



आंगनबाड़ी सेविकाओं को संबोधित करती उमेरा खातुन.

---

## न्यूज अपडेट

### एसबीआई ने 17 व्हील चेयर रिम्स को दिया



**रांची।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की ओर से सीएसआर योजना के तहत 17 व्हील चेयर रिम्स को डोनेट किया. एसबीआई की क्षेत्रीय प्रमुख भावना, रिम्स निदेशक डॉ राजकुमार, चिकित्सा अधीक्षक डॉ हिरेंद्र बिरुआ, अपर चिकित्सा निदेशक डॉ शैलेश त्रिपाठी मौजूद थे. बता दें कि रिम्स में लगातार व्हील चेयर और ट्रॉली की समस्या देखी जा रही है. मरीजों को रिम्स में जांच, ऑपरेशन सहित अन्य जगहों पर जानेके लिए ट्रॉली और व्हील चेयर का इंतजार करना पड़ता था.

### डीएवी में बच्चों ने डांडिया नृत्य का किया प्रदर्शन

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र स्थित डीएवी स्कूल मुन्ना पतरा चकला ओरमांझी में स्कूली बच्चों ने मंगलवार को डांडिया नृत्य का प्रदर्शन किया. जिसमें क्लास एलकेजी, यूकेजी और क्लास वन के बच्चों को डांडिया बनाना सिखाया गया और उनके बीच डांडिया डांस का आयोजन किया गया. जिसका उद्घाटन स्कूल के प्राचार्या पूनम दूबे ने किया. इस मौके पर उन्होंने कहा कि हमारे स्कूल में बच्चों के बीच टैलेंट की कोई कमी नहीं है. पढ़ाई के साथ साथ बच्चों में चहुंमुखी विकास के लिए इस तरह का आयोजन किया जाता है. बच्चों के इसी टैलेंट को निकालने के लिए स्कूली बच्चों को आए दिन विभिन्न तरह के खेल, डांस, रंगोली, मेहंदी तथा क्ले से निर्मित मूर्तियों की प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है. कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या पूनम दूबे ने सभी प्रतिभागियों के शानदार प्रदर्शन पर उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की. मौके पर शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे.

### 315 बोर की दो देसी राइफल के साथ युवक गिरफ्तार

**सिमरिया (चतरा)।** लावालौंग पुलिस ने 315 बोर की दो देसी राइफल के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है. सिमरिया एसडीपीओ प्रदीप कुमार ने मंगलवार को प्रेस वार्ता कर बताया कि चतरा एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि एक युवक घर में दो अवैध हथियार छिपा कर रखे हुए है. इसके बाद सूचना के सत्यापन एवं आगे की कार्रवाई के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया. पुलिस टीम ने लावालौंग थाना क्षेत्र के कटिया टोला कर्माटांड स्थित जितेंद्र गंझू के घर पर छापेमारी की. इस दौरान पुलिस को देखते ही जितेंद्र ने भागने का प्रयास किया, पर पुलिस बल ने उसे दबोच लिया. घर की तलाशी के क्रम में छिपा कर रखा गया 315 बोर का दो देसी राइफल बरामद किया गया.

### पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया

**सिल्ली/मुरी।** सिल्ली प्रखंड के लुपुंग पंचायत के खपचाबेड़ा में मंगलवार को विधायक प्रतिनिधि जयपाल सिंह, जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी व प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक ने संयुक्त रूप से पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया. 87 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सिल्ली पिस्का पथ से खपचाबेड़ा गांव तक 1 किमी सड़क एवं 200 मी नाली निर्माण कार्य ग्रामीण कार्य विभाग , कार्य प्रमंडल रांची के अंतर्गत किया जाना है. ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए जयपाल सिंह ने कहा कि विधायक सुदेश कुमार महतो के द्वारा गांवों के मूलभूत समास्याओं को दूर करते हुए क्षेत्र का लगातार विकास का कार्य किया जा रहा है. क्षेत्र में बिजली, पानी, शिक्षा, सड़क आदि विकास कार्यों को गति के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है. इस पथ के निर्माण हो जाने से अब लोगों को आवागमन शुलभ होगी. वहीं उन्होंने उपस्थित लोगों को निर्माण कार्य में सहयोग करने तथा एक जुटता बनाए रखने किया. लुपंग मुखिया सीमा कुमारी गोंझु, पिस्का मुखिया सोमरा मांझी आदि थे.

### 551 महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली

**बुढ़मू।** मां शारदीय दुर्गापूजा समिति भांट बोड़ेया ने मंगलवार को कलश यात्रा निकाली गई. कलश वितरण पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, भाजपा के वरीय नेता कमलेश राम, रामकुमार दूबे, शिक्षक नेता चितरंजन कुमार, पिठोरिया भाजपा मंडल अध्यक्ष गोपाल महतो ने संयुक्त रूप से किया. कलश यात्रा में 551 कन्याओं और महिलाओं ने भाग लिया. पूर्व सांसद ने कहा कि दुर्गा पूजा हमें असत्य पर सत्य के विजय होने का संदेश देती है. कलश यात्रा के दौरान महिलाओं जयघोषों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया. कलश यात्रा के आयोजन में समिति के लाल अमन शाहदेव,जयकुमार साहू, परिबा साहू, मणिकांत साहू, अमृत महतो, कौशल साहू, विजय महतो आदि की सराहनीय भूमिका रही.

### जमीन कारोबारी कमलेश की बेल पर अगली सुनवाई 29 को

**रांची।** कांके जमीन फर्जीवाड़ा मामले में आरोपित जमीन कारोबारी कमलेश कुमार की जमानत पर पीएमएलए कोर्ट में मंगलवार को आंशिक सुनवाई हुई. कमलेश के अधिवक्ता की ओर से कोर्ट से समय की मांग की गई. पीएमएलए के विशेष जज योगेश कुमार की अदालत ने सुनवाई की अगली तिथि 29 अक्टूबर निर्धारित की है. ईडी की टीम ने कमलेश सिंह सहित छह आरोपितों के खिलाफ बीते 24 सितंबर को आरोप पत्र दायर किया था. इनके खिलाफ सरकारी और रैयती जमीन पर अवैध ढंग से कब्जा का आरोप लगा है. 27 जुलाई को ईडी की टीम ने पूछताछ के बाद उसे गिरफ्तार किया था. ईडी ने 21 जून को कमलेश के ठिकाने पर छापेमारी की थी. छापेमारी में उसके आवास से 1 करोड़ रुपए कैश के साथ 100 कारतूस बरामद किया गया था. इसे लेकर कांके थाने में दर्ज दो केस और गोंदा थाना में दर्ज दो केस यानी कुल 4 केस को टेकओवर कर ईडी ने कमलेश कुमार, अमरेंद्र कुमार पांडे और नूरुल अंसारी के खिलाफ ईसीआईआर केस दर्ज की है.

### सीएससी सेंटर का भाजपा नेता ने किया उदघाटन



**कांके।** आज कांके ब्लॉक रोड स्थित बोड़ेया रोड में एम् के मोबाईल एंड डिजिटल सीएससी सेंटर का शुभारंभ भाजपा एससी मोर्चा प्रदेश मंत्री नीरज नायक ने फीता काटकर किया. संचालक कृष्ण कुमार एवं अंजली नागवंशी सहित मुख्य रूप से छोटेलाल करमाली, गोविंद नायक, प्रिया देवी, बलराम कुमार, उषा पांडे, पप्पू कुमार, राजेश कुमार ,कोकिला देवी, प्रियंका कुमारी, सोहंम कुमार उपस्थित थे.

### उत्पाद सिपाही दौड़ निकाल चुके युवक का शव बरामद

**पाटन (पलामू)।** गहर पथरा स्थित धान के खेत से एक युवक का शव बरामद हुआ है. मृतक की पहचान कौशिक रंजन के रूप में हुई है. जानकारी के मुताबिक, कौशिक सोमवार को अपने घर से अपने खेत में लगे धान की फसल के पटवन के लिए निकला था. रात होने पर भी वह घर नहीं लौटा. इसके बाद मंगलवार की सुबह उसके पिता धान की खेत की तरफ गए, तो कौशिक का शव खेत में पड़ा देखा. उन्होंने तत्काल इसकी जानकारी ग्रामीणों और पुलिस को दी. सूचना मिलने के बाद पाटन थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे. जांच के क्रम में मृतक के शरीर का बाल झुलसा हुआ पाया गया. पुलिस ने मृतक के सिर के पास से उसका मोबाइल भी बरामद किया है.

### चान्हो में नाबालिग को भगाने का लगाया आरोप

**चान्हो।** थाना क्षेत्र की नाबालिग को एक युवक द्वारा भगानेका मामला प्रकाश में आया है. आरोपी युवक राम उरांव मांडर थाना क्षेत्र के करकरा का निवासी है. नाबालिग की मां ने चान्हो थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है. प्राथमिकी के अनुसार सात अक्तूबर को उनकी लड़की घर से मिशन स्थित संत अन्ना इंटरमीडिएट कॉलेज जाने के लिए निकली. इसके बाद वह जब देर शाम तक घर नहीं लौटी तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की. खोजबीन में पता चला कि उनकी बेटी को राम उरांव बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है. नाबालिग की मां ने बेटी की वापसी की प्रशासन सेगुहार लगाई है. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

### लाइफ लाइन साबित होगा नया सामुदायिक स्वास्थ्य उपकेंद्र : सुदेश

**अनगड़ा।** सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो के प्रयासों से मंगलवार को प्रखंड के सबसे सुदूरवर्ती गांव सुरसू में सामुदायिक उप स्वास्थ्य केंद्र खुला. इसका उद्घाटन सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो ने किया. विधायक के प्रयास से यह उपकेंद्र वन विभाग के भवन में खोला गया है. प्रखंड मुख्यालय से इसकी दूरी 40 किमी है. इस क्षेत्र में हाथियों का प्रकोप चरम पररहता है. मामूली इलाज के लिए ग्रामीणों को 22 किमी दूर जोन्हा या सिल्ली जाना पड़ता था. विधायक ने वन विभाग और स्वास्थ्य विभाग में सामंजस्य स्थापित कराकर केंद्र का शुभारंभ किया है. गांव की एक प्रशिक्षित एएनएम को यहां नियुक्त किया गया है जो लोगों को 24 घंटे सेवा देगी, चिकित्सक भी केंद्र पहुंचेंगे. सुदेश महतो ने कहा कि यह सामुदायिक उप स्वास्थ्य केंद्र क्षेत्र के लोगों के लिए लाइफ लाइन साबित होगा.

